तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 जून 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 मानसून की दगाबाजी, किसानों में बढ़ी चिंता...



12 बरबसपुर एवं बड़गांव में जन चौपाल लगाकर विधायक ने...



## खबर संक्षेप

### भाई और मां के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में अपनी मां और छोटे भाई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को गणेश कुमार खुटे पिता दिलीप सिंग खुटे (32 वर्ष) निवासी उड़ेला ने बताया कि 28 जून की रात करीब 8 बजे आरोपी सेतकुमार खुंटे पिता दिलीप सिंग खुंटे (47 साल) उडेला द्वारा खाने पीने को लेकर विवाद करते हुए मुझे एवं मेरी मां मंगली बाई खुंटे के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है ।

### चाकू लेकर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** चाकू लेकर लोगों को आतंकित कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम खैरा चौक के पास एक व्यक्ति द्वारा हाथ में एक चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है। सूचना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी हरीश बघेल पिता चुमन बघेल (23 साल) निवासी वार्ड नं 09 खैरा भाठा के कब्जे से एक लोहे का चाकू बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ग्राम बारिकपाली तालाब के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी विशाल ग्वाल पिता पुरन ग्वाल (55 साल) बारिकपाली थाना सांकरा के कब्जे से कुल 31 नग पाऊच प्लास्टिक झिल्ली में भरी हुई कुल 15.580 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3100 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह कोमाखान पुलिस ने आरोपी हरक ठाकुर पिता पवनु ठाकुर (28 साल) निवासी खलियापानी कसेकेरा थाना कोमाखान के कब्जे से कुल 12 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2400 रुपए और शराब बिक्री रकम 500 रुपए कुल 2900 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बाइक की टक्कर से दो युवक घायल

**महासमुंद।** भलेसर रोड सितली नाला के पास बाइक की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि 22 जून को गणेश राम सिन्हा बाइक में अपने साथी गणेश राम काटले के साथ सब्जी खरीदने महासमुंद गया था। जहां से वापस आते समय भलेसर रोड सितली नाला के पास गणेश राम के मोटर सायकल को बाइक क्र. सीजी 06 पी 0948 के चालक ने रांग साइड से तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। जिससे गणेश राम सिन्हा के बाएं पैर, बाएं हांथ, दाहिने कंधे, चेहरे में एवं शरीर में चोटें आई, वहीं उसके साथी गणेश काटले को भी सामान्य चोट लगी थी थी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# बारिश नहीं बोनी पिछड़ी, तैयार थरहा भी पानी की कमी से लगे सूखने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

15 जून को आने वाला मानसून आज आखिरी दिन तक धोखा दे गया। पूरा जून सूखा बीता और आगे सूखे की आशंका को लेकर जिले भर के किसान चिंतित हैं। खाद बीज का भंडारण तथा खेतों को तैयार कर किसान बारिश की आस में हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। साधन संपन्न किसानों ने बोरपंपों के जरिए किसानी की शुरुआत की लेकिन, गर्मी में भूजल स्तर के नीजे चले जानेके कारण बोरवेल भी हांफ गए हैं।

जिले के किसान खेतों पूरी तैयारी के बाद भी बारिश के इंतजार में खरीफ सीजन की बोनी में पिछड़ रहे हैं। यहां तक अब थरहा सूखने की नौबत है। बता दें की खरीफ सीजन में जिले की 70 फीसदी खेती मानसूनी बारिश पर निर्भर है वहीं केवल 30 प्रतिशत किसान अन्य सिंचाई सुविधाओं से किसानी करते हैं। ऐसे में मानसून की देरी का सीधा असर नजर आने लगा है।

जून के पहले तीन सप्ताह में जिले के अधिकांश हिस्सों में अपेक्षित बारिश नहीं हुई। बागबाहरा, पिथौरा, बसना और महासमुंद क्षेत्र के किसानों को खेतों में नमी नहीं मिलने के कारण बोनी टालनी पड़ी। जिन किसानों ने निजी साधनों से थरहा तैयार किया वे भी बढ़ते तापमान और बारिश के इंतजार से परेशान हैं।

## मानसून की दगाबाजी ने बढ़ाई की चिंता, 70 प्रतिशत खेती बारिश के भरोसे

### आगामी 24 घंटे में भारी वर्षा की संभावना

*कृषि विभाग का मानना है कि यदि अगले एक सप्ताह तक मानसून सक्रिय बना रहता है तो खरीफ फसलों का रकबा सामान्य स्तर तक पहुंच सकता है। वहीं यदि वर्षा में फिर लंबा अंतराल आता है तो वर्षा आधारित खेती करने वाले किसानों की परेशानी बढ़ सकती है।*



### 15 प्रतिशत तक धान बोनी होगी प्रभावित

*विशेषज्ञों की मानें तो मानसून के पांच से छह दिन और विलंब होने से जिले के 10 से 15 प्रतिशत क्षेत्र में धान की बोनी प्रभावित हो सकती थी। हल्की एवं मध्यम भूमि वाले क्षेत्रों में यह प्रभाव और अधिक गंभीर होता। ऐसी स्थिति में किसानों को कम अवधि वाली धान किस्मों का चयन करना पड़ सकता है। वहीं उत्पादन प्रभावित होने की आशंका होगी।*

### शुरुआती आंकड़ों में पिछड़ा मानसून

*उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले में औसत 50.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 61.7 मिमी वर्षा हुई थी। यानी जिले में लगभग 17 प्रतिशत वर्षा की कमी बनी हुई है। सबसे अधिक चिंता बागबाहरा क्षेत्र को लेकर रही, जहां पिछले वर्ष 77.4 मिमी वर्षा हुई थी, जबकि इस वर्ष यह घटकर केवल 32.4 मिमी रह गई। महासमुंद तहसील में भी 78 मिमी के मुकाबले केवल 52.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।*

## क्राइम: साढ़े चार लाख का गांजा जब्त, दो नाबालिग भी शामिल, सिंघोड़ा पुलिस ने की कार्रवाई

# कार से गांजा का अवैध परिवहन, पांच पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने कार से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो नाबालिगों सहित पांच लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए का नौ किलो गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से गांजा परिवहन की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ग्राम रेहटीखोल पहुंची, जहां कुछ समय इंतजार करने बाद मुखबिर के बताये एक सफेद कलर का होंडा अमेज कार क्रमांक एमएच 34 एएम 7642 आई, जिसे रोका गया। वाहन में 05 व्यक्ति सवार थे, जिन्होंने पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम शाहिद खान पिता मोहम्मद खान (22 साल) बल्लारपुर थाना चंद्रपुर



महाराष्ट्र, तथा बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शुभम केशकर पिता विजय केशकर (22 साल) बल्लारपुर थाना चंद्रपुर महाराष्ट्र, पीछे सीट में बैठे व्यक्तियों ने अपने नाम रोहित केशकर पिता धरमराज केशकर (23 साल) बल्लारपुर थाना चंद्रपुर महाराष्ट्र बताए। वहीं आरोपी दो विधि से संघर्षरत (नाबालिग) हैं। संदेह होने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर वाहन के पीछे डिक्की में अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया। उक्त गांजा को संबलपुर ओडिशा से चंद्रपुर महाराष्ट्र बिक्री हेतु ले जाना बताए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 09 किलोग्राम नमीयुक्त मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा कीमत 450000 रुपए, कार कीमत 250000 रुपए, मोबाइल बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध 20(बी) ii (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सड़क हादसे घायल हुआ व्यक्ति, बाइक से कर रहे थे गांजा की तस्करी

*रविवार रात करीब 9 बजे तेंदूकोना से दो किमी की दूरी पर बागबाहरा मार्ग पर स्थित मचका नाला के पास एक बाइक चालक सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिला। राहगीरों ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक बाइक चालक को ठोकर मारकर भाग गई है। जिससे चालक को कई जगह चोटें आई है तथा बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना पर तेंदूकोना पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची, जहां घायल बाइक चालक को 112 वाहन के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया। बाद घटनास्थल की जांच करने पर एक झोले में खाकी कलर का एक पैकेट में करीब एक किलो गांजा व बाइक की डिक्की में खाकी कलर के तीन पैकेट में करीब तीन किलो गांजा कुल करीब चार किलो गांजा जब्त किया गया। तेंदूकोना पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक साहू पिता मुगल साहू (35 वर्ष) साकिन उरकुरा थाना खमतराई जिला रायपुर छग को अवैध रूप से एक सिल्वर लाल रंग की मोटर साइकिल होण्डा ड्रीम युगा क्रमांक सीजी 04 केपी 9421 में गांजा परिवहन करते घटना स्थल मचका नाला के पास ग्राम मोंगरापाली के पास पकड़ा गया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 03 किलो 800 ग्राम कीमती 190000 रुपए, बाइक पुरानी इस्तेमाली कीमती 10000 रुपए एवं एक टच स्क्रीन मोबाइल कीमत 5000 रुपए जुमला कीमती 205000 रुपए को जब्त कर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 (बी) (ii))(बी) एनडीपीएस एक्ट का घटित करना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।*

### ट्रक की टक्कर से बाइक में सवार पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 रायपुर बायपास बसना के पास क्रॉस कर रहे एक बाइक को ट्रक ने टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में बाइक में सवार पति-पत्नी घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बलौदाबाजार जिले के ग्राम खैरा निवासी नवरतन पटेल ने बताया कि 29 मई को वह अपनी पत्नी मंजू पटेल के इलाज के लिये अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचएफ 2373 से बसना आ रहा था। जब वह एनएच 53 रोड रायपुर बायपास बसना के पास क्रॉस कर रहे था, तभी सरायपाली की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एमएच 43 बीएक्स 4160 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके बांये पैर, बांये कंधे तथा उसकी पत्नी के बांये पैर, पीठ में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# म्यूल बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों की हेराफेरी, 7 को 3-3 साल की सश्रम कैद

- 100-100 रुपये का अर्थदंड भी, अदा न करने पर 01-01 माह का अतिरिक्त कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

साइबर अपराध और म्यूल बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों रुपयों की हेराफेरी करने वाले एक गिरोह के 7 सदस्यों को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, आनंद बोरकर के न्यायालय ने दोषी करार देते हुए 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से महासमुंद पुलिस को साइबर अपराधों में प्रयुक्त होने वाले संदिग्ध बैंक खातों की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसके आधार पर महासमुंद थाने में अपराध दर्ज किया गया था। तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक शरद दुबे की विस्तृत विवेचना में यह तथ्य सामने आया था कि आरोपियों ने केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटक महिंद्रा, पीएनबी और आईडीबीआई जैसे विभिन्न बैंकों में अपने नाम से चालू और बचत खाते खुलवाए थे। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त करोड़ों रुपयों के अवैध लेन-देन के लिए किया जा रहा था। न्यायालय में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत बैंक स्टेटमेंट और अधिकारियों की गवाही से यह निर्विवाद रूप से साबित हुआ कि खातों से भारी मात्रा में अवैध लेन-देन हुआ है। आरोपियों के खातों से 95 लाख, 24 लाख और 1.6 करोड़ रुपये जैसी बड़ी रकमों का ट्रांजेक्शन हुआ था। आरोपियों द्वारा इन करोड़ों रुपयों के संव्यवहार का कोई वैध स्पष्टीकरण न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जा सका।



### एक अन्य दोष मुक्त

*न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर रविंदर सिंह चावला, महेश जैस उर्फ महेश साहू, राज चंद्राकर, शीतल कुमार साहू, रामनारायण साहू, प्रीतम उर्फ प्रेम मारकण्डे, नौशाद साहू को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2) और 61(2) के तहत आपराधिक षड्यंत्र कर बेईमानीपूर्वक चुराई गई संपत्ति प्राप्त करने का दोषी माना। न्यायालय ने उक्त लोगों को धारा 317(2) के तहत 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास और 100-100 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही, धारा 61(2) के तहत 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास और 100-100 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर 01-01 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायालय के आदेशानुसार सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी, दीपक तिलवानी के नाम पर महासमुंद के किसी भी बैंक में कोई खाता होना या अवैध लेन-देन प्रमाणित न होने के कारण न्यायालय ने उसे संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है। हालांकि पुलिस ने उसे आरोपियों के सहयोगी के रूप में गिरफ्तार कर अभियोजित किया था।*

### दुकान के सामने से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**महासमुंद।** चंडी मंदिर घुंचापाली के पास स्थित दुकान के सामने से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को रोशनी साहू ने बताया कि वह चंडी मंदिर घुचापाली के पास में जनरल स्टोर्स एवं फैसी का दुकान का संचालन करती हैं, साथ ही निवास भी है। 20 मार्च की रात करीबन 10 बजे दुकान बंद कर अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचएफ 0502 को दुकान के सामने हैंडल लॉक कर खड़ी करके घर अंदर सो गई थी। दूसरे दिन 21 जून की सुबह उठकर देखी तो दुकान के सामने रखी बाइक नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।




# फिर आया दंतैल...दर्जनभर गांवों में अलर्ट

**महासमुंद।** जिले के वन क्षेत्र में एक बार फिर दंतैल की आमद की सूचना के बाद सिरपुर क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। बलौदाबाजार वन विकास निगम के जंगलों से निकलकर एक दंतैल के मूव्हमेंट को देखते हुए वन विभाग ने इन गांवों के ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की सलाह दी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह एक दंतैल हाथी को वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 181 से होते हुए सुकलई नाला को पार कर कक्ष क्रमांक 175, 176, 133 के जंगल में विचरण करते देखा गया। बाद वन विभाग द्वारा उस पर सतत निगरानी की जा रही है। वन परिक्षेत्र महासमुंद ने हाथी के आगे बढ़ने की संभावना को देखते हुए ग्राम बोरिद, चुहरी, अमलोर , छताल, मरौद, नांदबारू , रायकेरा, सुकुलबाय, तालाझर, केशलडीह और खिरसाली के ग्रामीण सतर्क रहने की सलाह दी है। इधर, उक्त गांवों और वन विकास सीमा से लगे गांवों में हाथी की आमद को लेकर दहशत है। ग्रामीणों का कहना है इस समय खरीफ फसल की तैयारी का समय है लोग अपने खेतों को तैयार कर रहे हैं। जिससे समय पर धान की रोपाई हो सके। ऐसे में हाथी की आमद खेती-किसानी के कार्य में बाधा डाल सकती है, ऊपर से जानमाल का भी खतरा बना रहता है।



**खबर संक्षेप**

### बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ कल

**रायपुर।** अखण्ड छत्तीसगढ़ सर्वमानव जनसेवा संस्था द्वारा प्रदेश में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण, प्लांटों के प्रस्तावित विस्तार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भारी वाहनों के संचालन के विरोध में 30 जून को हनुमान चालीसा एवं सद्बुद्धि शांति पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड क्रमांक-2, टाटीबंध के कार्यालय के समक्ष होगा। यह जानकारी संस्था के प्रदेशाध्यक्ष ललित देवांगन और प्रदेश महासचिव सूरज कुलदीप ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### मेहनत, ईमानदारी और संघर्ष से बनी है गाड़ा समाज की नई पहचान



**रायपुर।** गाड़ा समाज को एकजुट, शिक्षित एवं संगठित करने तथा समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार और नशामुक्ति के संकल्प को लेकर धमतरी जिले के गाड़ापारा में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में समाज के युवाओं को शिक्षा से जोड़ने, नशामुक्ति अभियान चलाने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। अधिवक्ता भगवानू नायक, युवा सामाजिक नेता आशीष तांडी, जयलाल नायक, दुबले तांडी एवं दिनेश तांडी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान समाज के लोगों से मेल-मुलाकात एवं सामाजिक विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

### जरूरतमंदों को मिले आवास योजना का लाभ

**रायपुर।** पूर्व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि जो आवास के पात्र हैं, उनका सर्वे पूर्व में हो चुका है। पंचायत में ग्रामसभा के माध्यम से उसका अनुमोदन कराना चाहिए। आधे से अधिक जरूरतमंद आवास से वंचित हो जा रहे हैं, फिर ग्रामसभा को विशेष अधिकार देने की बात करते हैं तो कैसी ग्रामसभा, जिसमें पात्र हितग्राहियों के आवास पास नहीं कर सकते। ये पंचायती राज को कमजोर कर सरकार अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव के पहले घर-घर जाकर आवास के लिए फार्म भरवाए, अब क्यों विभिन्न जांच के माध्यम से जरूरतमंद आवासहीन लोगों को अपात्र किया जा रहा है। ग्रामसभा की पुनः बैठक कर पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध कर स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे वास्तविक हितग्राहियों को लाभ मिल सके। सभी गांवों में लगातार शिकायत मिल रही है कि सैकड़ों की संख्या में प्रत्येक गांव में हितग्राही छूट गए हैं।

# राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप में महासमुंद की बालक एवं बालिका टीम बनीं उपविजेता

## कोरबा में हुई प्रतियोगिता में महासमुंद जिले की बालक एवं बालिका टीम बनीं उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन तथा जिला रग्बी संघ कोरबा द्वारा 9वीं राज्य स्तरीय (बालक एवं बालिका) रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 जून रविवार को प्रियदर्शनी स्टेडियम टीपी नगर कोरबा में किया गया। महासमुंद जिले से अंडर 18 वर्ष बालक वर्ग में अजय प्रकाश साहू, समीर यादव, विनय कुमार यादव, असवन मीरी, भावेश तारक, प्रणव शर्मा, पुष्पेंद्र यादव, सतीश कुमार, उमेश केवर्त, कुणाल जांगड़े टीम के कोच डॉ. सुनील कुमार भोई एवं टीम मैनेजर सुभांश शर्मा शामिल हुए। अंडर 18 वर्ष बालिका वर्ग में शिवानी, जिया, मेघा, सुहाना, गीतांजली, कंचन, लिशा, जानवी, नंदनी, राधिका, निवेदिता तथा कोच ममता धीवर एवं मैनेजर गीतांजली साहू शामिल हुए।

राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता कोरबा में भाग लेने के लिए नगर पंचायत तुमगांव खेल मैदान से प्रतिभाशाली रग्बी खिलाड़ियों को उत्साह और जोश के साथ विजेता बनने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देकर अतिथियों द्वारा रवाना किया गया। जिसमें भुनेश्वर साहू नवनियुक्त एल्डरमैन, पप्पू पटेल, डोमार पटेल, विष्णु धीवर तथा युवा नेता मोहन चंद्राकर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने कहा।

उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल, अनुशासन और मेहनत के दम पर शानदार प्रदर्शन करेंगे और विजयी होकर लौटेंगे। 18 वर्ष बालक टीम ने पहले मुकाबले में




राजनांदगांव को 31-5 के स्कोर से हराया, दूसरा मैच दुर्ग से 45-00 से जीता एवं तीसरे मैच में रायगढ़ से 00-10 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल मैच में कोरबा को महासमुंद ने 19-00 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच रायगढ़ एवं महासमुंद के मध्य खेला गया। जिसमें रायगढ़ ने बढ़त बनाकर विजेता बनीं एवं महासमुंद उपविजेता टीम बनीं। बालक टीम में अजय साहू, समीर यादव, विनय यादव ने बेहतर प्रदर्शन कर टीम को फ़ाइनल में पहुंचाया तथा बेहतर प्रदर्शन कर टीम को उपविजेता बनाने में सहयोग किया।

18 वर्ष बालिका टीम ने अपने पहले मैच में रायपुर से मैच बराबरी पर समाप्त किया, दूसरे मैच में बिलासपुर को 27-00 से हराया, बालिका टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहीं, सेमीफाइनल मैच में महासमुंद ने कोरबा को 17-00 से हराया एवं फाइनल में प्रवेश किया।

फ़ाइनल मैच बेमेतरा के साथ हुआ जो बहुत ही कड़ा रहा, जिसमें महासमुंद को हार का सामना करना पड़ा, फ़ाइनल मैच में बेमेतरा विजेता बनीं एवं महासमुंद उपविजेता टीम बनीं। पूरे मैच में जिया खान, शिवानी, नंदनी, गीतांजली ने बेहतर प्रदर्शन किया। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा सभी विजेता टीम को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता कोरबा में बालक एवं बालिका रग्बी टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने उपविजेता बनने पर पप्पू पटेल (पूर्व उपाध्यक्ष), धर्मेंद्र यादव (विधायक प्रतिनिधि), डोमार पटेल (एल्डरमैन), भुनेश्वर साहू (पार्षद), विष्णु धीवर (एल्डरमैन) उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, राकेश धीवर (पार्षद) गौतम सिन्हा( पार्षद) हर्ष शर्मा, मोहन चंद्राकर, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील भोई, इन्द्राणी भास्कर, जगदीश धीवर व अभिषेक निर्मलकर, लिशांसु साहू, आयुष निर्मलकर, सेवन साहू, अभिषेक नेहरू आदि ने हर्ष जताया है।

# जिला जेल में भोजन व्यवस्था सहित चिकित्सकीय सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी महासमुंद द्वारा 29 जून को बेमचा स्थित जिला जेल का निरीक्षण किया गया। छग उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के पदाधिकारों द्वारा बेमचा स्थित जिला जेल में निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, प्राधिकरण की प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर द्वारा बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, जेल में स्थापित वीसी कक्ष, बैरकों की व्यवस्था, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, नए बैरकों का निर्माण, मुलाकात कक्ष, विधिक सहायता कक्ष, बंदियों को प्रदत्त सुविधा, टायलेट की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के कपड़ों की दशा, पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों को दी जा रही प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा बंदियों से प्रत्यक्ष रूप से जेल में उनके रहन-सहन, दिए जाने वाली औपचारिक सुविधा तथा न्यायालय में लंबित उनके प्रकरण और उनके अधिवक्ता तथा उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा नवनिर्मित अतिरिक्त बैरकों का भी जायजा लिया गया। कमेटी के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार जुगल किशोर, जेल अधीक्षक अश्विनी पूजा तिर्की, एलएडीसीएस के अधिवक्ता अरूण पटेल, रीना जैन, डोलामनी पटेल, अधिकार मित्र हरिचंद साहू, जेल स्टाफ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# विश्व सोशल मीडिया दिवसः युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर डिजिटल मीडिया का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व सोशल मीडिया दिवस पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर डिजिटल मीडिया के गहरे होते नकारात्मक प्रभावों को रेखांकित करते हुए एक विशेष जागरूकता रिपोर्ट जारी की है। संस्था ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते डिजिटल मीडिया के उपयोग को संतुलित नहीं किया गया, तो यह युवाओं की मानसिक और भावनात्मक क्षमता को गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है। मनोवैज्ञानिकों और डिजिटल विशेषज्ञों के अनुसार, सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने से युवाओं में एंग्जायटी, डिप्रेशन और फोमो (छूटे जाने का डर) जैसी समस्याएं महामारी की तरह फैल रही हैं। आभासी दुनिया की झूठी चमक युवाओं को वास्तविक सामाजिक जीवन से दूर कर रही है।

इस विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं सीएमएचओ डॉ आई नागेश्वर राव, डॉ बी महेश्वरी संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय ने कहा कि डिजिटल मीडिया एक दोधारी तलवार है। यह संवाद का बेहतरीन जरिया है, लेकिन इसका अनियंत्रित उपयोग युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को खोखला कर रहा है। इस सोशल मीडिया दिवस पर हमारा उद्देश्य केवल समस्या को उजागर करना नहीं, बल्कि युवाओं को इससे उबरने के ठोस उपाय देना भी है।

दूसरों की 'फ़िल्टर्ड' और शानदार तस्वीरों से खुद की तुलना करने के कारण युवाओं में हीन भावना घर कर रही है। देर रात तक स्क्रीन स्क्रॉल करने से नींद की गुणवत्ता खराब हो रही है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली ट्रोलिंग और अभद्र टिप्पणियां युवाओं को गंभीर मानसिक आघात पहुँचा रही हैं।

# कांग्रेस जिलाध्यक्षों ने किया श्रमदान प्रशिक्षण शिविर का आज समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन होगा। 20 जून से शुरू हुए प्रशिक्षण शिविर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, एआईसीसी के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित कई नेताओं ने जिलाध्यक्षों को संगठन को मजबूत करने के गुर सिखाए। समापन में एआईसीसी के राष्ट्रीय मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा शामिल होंगे।

कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा, कांग्रेस कनेक्ट सेंटर के प्रभारी शशिकांत सेंथिल और राष्ट्रीय सचिव वामची रेड्डी ने पार्टी की रीति-नीति और संगठन की मजबूती के गुर सिखाए। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग में व्याख्यान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी प्रशिक्षण शिविर में व्याख्यान दे चुके हैं। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी प्रशिक्षण शिविर में व्याख्यान दिया।

### एआईसीसी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष आज होंगे शामिल



*समापन में शामिल होंगे खेड़ा : कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर का 29 जून को समापन होने जा रहा है। अंतिम दिन राज्य सभा सांसद एवं कांग्रेस मीडिया विभाग के नेशनल चेयरमैन पवन खेड़ा शामिल होंगे। वे 28 जून की शाम को 9 बजे माना विमानतल पहुंचे। वे अभनपुर में जिलाध्यक्ष के प्रशिक्षण शिविर में 29 जून को अंतिम दिन शामिल होंगे।*

### मनरेगा मजदूरों से हुए रूबरू

कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर के 9वें दिन कांग्रेस नेताओं ने ग्राम लखना में जनसंपर्क अभियान चलाया। राष्ट्रीय महासचिव सचिन राव सहित 40 नए जिलाध्यक्ष मनरेगा कार्यस्थल पहुंचे और मजदूरों के साथ करीब तीन घंटे तक श्रमदान किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा मजदूरों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। श्रमिकों ने रोजगार, मजदूरी और अन्य स्थानीय मुद्दों से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। मनरेगा में हो रहे बदलाव को लेकर चर्चा की गई। बीवी जी रामजी 1 जुलाई से लागू होने को लेकर किए जाने पर मजदूरों से जानने का प्रयास किया।

# शिक्षा से ही सशक्त होगा राष्ट्र, हर बच्चे तक पहुंचे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर हाईस्कूल में शाला प्रवेशोत्सव पर जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर ने क्षेत्रवासियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। एक शिक्षित समाज ही सशक्त, समृद्ध और विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। कुमारी भास्कर ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। इस अवसर पर विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का उत्साह, शिक्षकों का समर्पण और अभिभावकों का विश्वास एक विकसित भारत के निर्माण की प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। शिक्षा ही वह शक्ति है, जो बच्चों को अपने सपनों को साकार करने, आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के योग्य बनाती है। इसलिए यह आवश्यक है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। शाला विकास समिति के




अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी शिक्षा में सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संस्कार और सामाजिक चेतना के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है।

इन प्रयासों से प्रदेश में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और विद्यार्थियों को नई संभावनाएं प्राप्त हो रही हैं।

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी नाराज 27 जुलाई को संभाग स्तरीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कार्यरत 20 हजार प्लेसमेंट और ठेका कर्मचारी वेतन में बढ़ोतरी, श्रम कानूनों को लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर 27 जुलाई को संभाग स्तरीय हड़ताल करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सफाई, बिजली और पेयजल जैसी आवश्यक सेवाएं ठप करने की चेतावनी दी गई है।

रविवार को रायपुर में महासंघ की एक अहम प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के शीर्ष पदाधिकारियों, संभाग अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, प्रदेश प्रवक्ता तथा रायपुर नगर निगम के पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय



प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय ऐडे के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्लेसमेंट और ठेका कर्मचारियों की वर्षों से लंबित वेतनवृद्धि, नए श्रम कानूनों के क्रियान्वयन तथा अन्य कर्मचारी हितों की लगातार हो रही अनदेखी के विरोध में 27 जुलाई से पूरे छत्तीसगढ़ में संभागस्तरीय चरणबद्ध हड़ताल प्रारंभ की जाएगी।

## अपनी संस्कृति और मूल्यों से समाज को जोड़कर पहचान को और मजबूत कर सकता है भारत : कुमार

# सीएम साय बोले- लोकतंत्र सेनानियों का त्याग नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को राजधानी रायपुर स्थित डीडीयू ऑडिटोरियम में आपातकाल स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष पर आधारित स्मारिका “आपातकाल के योद्धा” का विमोचन किया तथा आपातकाल पर आधारित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंद्रेश कुमार ने लोकतंत्र, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवन मूल्य है, जिसे समझने और निभाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा, यह समय भारतीय लोकतंत्र के लिए एक कठिन परीक्षा का काल था, जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ा। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को स्मरण करते हुए कहा, उन लोगों ने जेल, यातनाओं और कठिन परिस्थितियों के बावजूद लोकतांत्रिक आदर्शों को जीवित रखा। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे देश की एकता, अनुशासन और सामाजिक समरसता को मजबूत करें तथा नशामुक्त और स्वच्छ समाज के निर्माण में योगदान दें।

### आपातकाल लोकतंत्र के लिए चुनौती : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती था। उन्होंने प्रेस सेंसरशिप, मौलिक अधिकारों के निलंबन और संविधान संशोधनों का उल्लेख करते हुए कहा, यह समय लोकतंत्र की मजबूती और जागरूकता का प्रतीक बनकर सामने आया। आपातकाल हमें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सदैव सजग रहने की प्रेरणा देता है।



### इस विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करना प्रशंसनीय : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह कालखंड है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और जेल जीवन की कठिनाइयों को याद करते हुए कहा, इन लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल स्मरण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को सचेत करना है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की धरती हमेशा से संघर्ष, संस्कृति और परंपरा की भूमि रही है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रही है।

### निबंध प्रतियोगिताः जागृति और कल्याणी रहीं प्रथम

कार्यक्रम के दौरान आपातकाल स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 540 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय स्तर पर ‘आपातकाल कभी विस्मृत न हो’ विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में जेआर दानी गर्ल्स स्कूल रायपुर की जागृति जांगड़े प्रथम, विवेकानंद विद्यापीठ कोरबा के सूरज तांडिया द्वितीय तथा अग्रसेन इंटरनेशनल स्कूल दुर्ग के अंश देशमुख तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महाविद्यालय स्तर पर ‘25 जून : संविधान हत्या दिवस’ विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में रायपुर की कल्याणी पटले प्रथम, रायगढ़ की सीमा साव द्वितीय तथा दुर्ग की खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं।

**खबर संक्षेप**



## नौनिहालों को पिलाई गई पोलियो की दवा

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में पल्स पोलियो अभियान 2026 के तहत 28 जून रविवार को राष्ट्रीय प्लस पोलियो कार्यक्रम दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को लेकर सभी की तैयारी की थी। बिरकोनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 19 गांवों में 23 बूथ लगाया गया था। अभियान के अंतर्गत दो बूंद जिंदगी की परिलक्षित किया जाने का लक्ष्य को पूरा किया गया। इस अभियान की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर की गई। सुबह से ही अभिभावक उत्साह पूर्व बच्चों को लेकर बूथ पहुंचकर पोलियो की खुराक पिलाई। विभाग द्वारा अभिभावकों को पोलियो से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के टीम बूथ पर तैनात थे।

## नपा में भाजपा नेता हनीश बने एल्डरमैन

**महासमुंद।** प्रदेशभर के नगरी निकायों में एल्डरमैन पार्षदों की नियुक्ति के अंतर्गत महासमुंद



पालिका में भाजपा के शहर कार्यालय प्रभारी हनीश बग्गा की नियुक्ति पर जनता में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि हनीश बग्गा भाजपा की सक्रिय राजनीति में जमीन से जुड़कर कार्य करने वाले कार्यकर्ता व जमीनी नेता हैं। पूर्व में संगठन के विभिन्न पदों पर दायित्व निर्वाह कर चुके हैं। शहर के इमलीभाठा शक्ति केंद्र के संयोजक, बूथ अध्यक्ष, शहर मंडल कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। पारिवारिक पृष्ठभूमि जनसंघ की रही है। स्व. मुंशीराम बग्गा जनसंघ के नेता रहे हैं, वह हनीश के बड़े पिता थे। वर्तमान में भाजपा शहर मंडल कार्यालय प्रभारी, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला सह-संयोजक के अलावा इमलीभाठा शक्ति केंद्र भाजपा के संयोजक हैं।

## रायपुर जा रही लग्जरी बस में लगी आग

**धमतरी।** यात्रियों को लेकर रायपुर जा रही लग्जरी बस में अचानक आग लग गई। बस से धुआं निकलता देख चालक व हेल्पर ने सूझबूझ दिखाते हुए यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बस से उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को जगदलपुर की ओर से यात्री लेकर आ रही महिन्द्रा ट्रेव्हल्स की लग्जरी बस धमतरी बस स्टैण्ड पहुंची जहां कुछ सवारी बस में और सवार हो गई। लगभग 50 यात्री लेकर स्लीपर कोच बस धमतरी से रायपुर के लिए निकल गई। बस नेशनल हाईवे से गुजरते हुए रायपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेन्द्री के पास बस के सामने वाले हिस्से से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक ने तत्काल स्थिति का अनुमान लगा लिया। चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोक दिया। उसके बाद चालक व हेल्पर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा। कुछ देर बाद बस में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने बस के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से पहले यात्रियों के सकुशल नीचे उतर जाने से उनकी जान बाल-बाल बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग के तेजी से फैलने के कारण यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई थी। यात्री अपनी जान बचाने सामान छोड़कर बस से बाहर निकल गए।

## 32 प्रकरणों पर सुनवाई 3 जुलाई को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक 3 जुलाई को धमतरी, बालोद एवं कांकेर जिले के 32 प्रकरणों पर सुनवाई करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि यह सुनवाई सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगी।

रणनीति : सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय

# शिक्षकों का फूटा गुस्सा: मांगों को लेकर जुलाई में आर-पार की लड़ाई, आज देंगे अल्टीमेटम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक ईश्वर चंद्राकर जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता और पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति, एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की कमी वीएसके एप को लेकर आ रही तकनीकी समस्या का निदान और शिक्षकों से कराए जा रहे गैर-शिक्षकीय कार्यों पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। फेडरेशन ने निर्णय लिया है कि इन ज्वलंत समस्याओं को लेकर 30 जून को जिला शिक्षा अधिकारी को मांगों का अंतिम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगें पूरी नहीं हुईं, तो जुलाई माह में जिलाव्यापी वृहद आंदोलन की चेतावनी दी है।

बैठक में विशेष रूप से पहुंचे प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा, फेडरेशन अब और शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों की पदोन्नति का मामला हो, या शिक्षकों से जबरन कराए जा रहे गैर-शिक्षकीय कार्य सरकार और विभाग को अब हमारी मांगों पर तत्काल निर्णय लेना ही होगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने कहा, इस बार का आंदोलन केवल शिक्षकों के अधिकार के लिए नहीं, बल्कि नौनिहालों के भविष्य को बचाने के लिए होगा। गांव के गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चों को उचित शिक्षा मिलना उनका अधिकार है। कई स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं, जिससे पढ़ाई ठप है।

फेडरेशन मांग करता है कि ऐसी एकल शिक्षकीय शालाओं में तत्काल अतिरिक्त शिक्षकों का प्रबंध किया जाए। साथ ही शिक्षकों से अध्यापन के अलावा अन्य विभागों के गैर-शिक्षकीय काम लेना तुरंत बंद किया जाए ताकि वे पूरा समय बच्चों को दे सकें। वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश नायक ने नीतिगत विषयों पर अपनी बात रखते हुए कहा, क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान के चयन से पहले स्कूल शिक्षा विभाग दोनों व्यवस्थाओं के लाभ और हानि से शिक्षकों को लिखित में अवगत कराए। बिना पूर्ण जानकारी और पारदर्शिता के शिक्षकों पर कोई भी निर्णय न थोपा जाए।



### ब्लॉक अध्यक्षों ने बताई की जमीनी हकीकत

बैठक में जमीनी स्तर की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया गया। जिला संरक्षक बीपी मेश्राम, महेन्द्र बघेल ने कहा कि आज के समय में शिक्षक मानसिक रूप से विकलांग हो गया है। लगातार विभाग शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशान करके रखा है। आनलाइन प्रविष्टि छोटे छोटे आयोजनों की जानकारी तक शिक्षकों को अपलोड करनी पड़ती है। आज शिक्षक शिक्षक नहीं रहा। वह डाटा ऑपरेटर बनकर रह गया है। मेश्राम ने पदाधिकारियों से अपील की कि शिक्षकों को लेकर संगठन की ओर से एक किताब का प्रकाशन करवाना चाहिए। प्रदेश पदाधिकारी प्रदीप पटेल और महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपाली वर्मा ने कहा कि विभाग शिक्षकों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं ब्लॉक अध्यक्षगण बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, प्रकाश बघेल बागबाहरा, कमलेश नायक पिथौरा, प्रतिनिधि अंगद बारीक सरायपाली, युधिष्ठिर राय बसना ने अपने-अपने ब्लॉकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा, ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। एक-एक शिक्षक पूरे स्कूल की पांच कक्षाओं को संभालने को मजबूर हैं। इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारी शिक्षकों से गैर-शिक्षकीय कार्य करवा रहे हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्षों ने कहा कि युक्तियुक्तकरण में रिटायर्ड होने वाले शिक्षकों को भी शामिल किया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप आज वर्तमान में इसका दंश झेलना पड़ रहा। युक्तियुक्तकरण के बाद दो शिक्षक वाली शाला अब एक शिक्षकीय शाला में बदल गई हैं, जिसका परिणामस्वरूप तेजी के साथ सरकारी स्कूलों की दर्ज संख्या तेजी के साथ घट रही है।

### महासमुंद में होगा सांसद-शिक्षक संवाद का प्रस्ताव

बैठक में सर्वसम्मति से एक बड़ा फैसला लिया गया। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की अनिवार्यता से जुड़े संवेदनशील मुद्दे को लेकर फेडरेशन महासमुंद लोकसभा मुख्यालय में 'सांसद-शिक्षक संवाद कार्यक्रम' का विशाल आयोजन का प्रस्ताव भी रखा है। इस कार्यक्रम की अंतिम तिथि धमतरी और गरियाबंद जिले के फेडरेशन पदाधिकारियों से आपसी सहमति बनाकर बहुत जल्द घोषित की जाएगी। सांसद से समय मांगने के लिए प्रदेश अनुशासन समिति के प्रभारी दिनेश नायक को जिम्मेदारी दी गई है।

### बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष, आत्मराम साहू, राजेश चंद्राकर, लव निर्मलकर, अजय बंजारे, डिगेश पुरैना, मुनिया निर्मलकर, सीमा यादव, पुरुषोत्तम चंद्राकर, कमलेश पटेल, संदीप साहू, नंद कुमार साहू, धर्मेन्द्र ध्रुव, सार्वेन्द्र महानदिया, जितेंद्र कुमार साहू, अमित कुमार उइके, बलराम नेताम, पोतराम लहरे, रोशन भोई, लुकेश्वर ध्रुव, अनंत ध्रुव, डिकेश्वर साहू, भोजनारायण यादव, मुकेश साहू, डिगेश पुरैना, कैलाश साहू, श्याम पटेल, भोजराम साहू, केशव पटेल, उपेंद्र साहू, सुधीर सोना, प्रेमनारायण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# पालिका में पांच एल्डरमैन का मनोनयन महिलाओं के नाम पर विचार भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नगर पालिका सरायपाली में राज्य शासन ने पांच एल्डरमैनों की नियुक्ति है। लेकिन, इनमें एक भी महिला शामिल नहीं है। एक ही वार्ड से दो लोगों की नियुक्ति कर दी गई है, जबकि 15 वार्डों में पतेरापाली, झिलमिला, बस्ती सरायपाली और महलपारा जैसे बड़े वार्डों के कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया गया।

सरायपाली में डॉ संकीर्तन प्रधान, घांसी विश्वकर्मा, रविंद्र पंडा, मोहन शर्मा एवं मनोज आदित्य की नियुक्ति की गई है। आज सभी ओर महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक, प्रशासनिक कार्यों में महिलाओं की भी समान भागीदारी की बात की जाती है। लेकिन जमीनी स्तर पर जब कार्य करने की बारी आती है, तो इन बातों को दरकिनार कर दिया जाता है। इसका ताजा उदाहरण वर्तमान एल्डरमैनों की नियुक्ति में देखा जा सकता है। पालिका में अध्यक्ष के पद पर भी एक महिला सरस्वती चंद्र कुमार पटेल पदस्थ हैं और इसी पालिका में एल्डरमैनों की नियुक्ति में महिलाओं के नामों पर विचार ही नहीं किया गया। जबकि, सरायपाली क्षेत्र में कई महिलाएं राजनीति में काफी लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके बावजूद एल्डरमैनों की नियुक्ति में महिलाओं की अनदेखी करना कई तरह के प्रश्न खड़े करता है। इन नियुक्तियों को लेकर क्षेत्र की महिलाओं में नाराजगी है। आम जनों में भी तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती चंद्रकुमार पटेल ने एल्डरमैन नियुक्ति पर कहा कि वरिष्ठ नेताओं एवं संगठन से जुडे नेताओं द्वारा निर्णय लेकर नाम भेजा गया था और संगठन ने जो नियुक्त किया है वह सबको मान्य है।

### भाजपाइयों में असंतोष

एल्डरमैन नियुक्ति को लेकर कई स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में ही असंतोष दिखाई दे रहा है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ कार्यकर्ताओं ने बताया कि शहर में ऐसे कई भाजपा कार्यकर्ता हैं जो पिछले 25-30 वर्षों से लगातार पार्टी की सेवा में लगे हुए हैं। शहरी क्षेत्र के चुनाव में हमेशा भाजपा ही आगे रही है, जिनमें इन्हीं पुराने कार्यकर्ताओं का बड़ा हाथ रहा है। बावजूद एल्डरमैन की नियुक्ति में एक बाहरी व्यक्ति को लिया गया है, जो कुछ ही समय से शहर में निवासरत हैं। सभी से वार्डों में पार्टी के कई समर्पित पुराने कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किए जाने से कार्यकर्ताओं में असंतोष दिखाई दे रहा है।

### महिला सशक्तीकरण केवल एक चुनावी नारा: चातुरी

नगर निकायों में एल्डरमैन सूची जारी होने के बाद सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने भाजपा सरकार पर महिलाओं के साथ छल और अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का ढोल पीटने वाली भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है।

नंद ने कहा कि महासमुंद जिले के नगर निकायों में कुल 24 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं, लेकिन इनमें केवल 3 महिलाओं को ही स्थान दिया गया है, अर्थात मात्र 12.5 प्रतिशत जबकि 87.5 प्रतिशत पद पुरुषों को दिए गए। यह स्पष्ट करता है कि भाजपा की कथित महिला सशक्तीकरण की नीति केवल भाषणों और चुनावी नारों तक सीमित है। उन्होंने कहा कि सरायपाली, पिथौरा, बसना और तुमगांव में एक भी महिला को एल्डरमैन नियुक्त नहीं किया गया। इन चार निकायों में महिलाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर भाजपा सरकार ने उनके साथ विश्वासघात किया है।

## सरायपाली के बेलमुंडी में मिले हीरे, डायमंड ब्लाक परियोजना में शामिल हीरा खनन की तैयारी

सरायपाली। जिले के सरायपाली विकासखंड के बेलमुंडी में छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। अब मध्यप्रदेश का पन्ना ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ का महासमुंद भी हीरा उगलेगा। दरअसल एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड (एनसीएल) के निदेशक मंडल की नई दिल्ली में आयोजित बैठक में महासमुंद जिले के बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में परियोजना के अगले चरण को मंजूरी देते हुए लार्ज डायमीटर ड्रिलिंग शुरू करने का निर्णय लिया गया। यह कदम इस क्षेत्र में हीरे के वास्तविक भंडार का वैज्ञानिक आंकलन करने और भविष्य में व्यावसायिक हीरा खनन का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है। बैठक में निदेशक मंडल ने परियोजना की अब तक की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि प्रॉस्पेक्टिंग लाइसेंस की अवधि के भीतर सभी तकनीकी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं। बड़े व्यास की ड्रिलिंग से किंबरलाइट पाइप में मौजूद हीरा भंडार का सटीक आंकलन किया जाएगा। इसके बाद विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार होगी, जिसके आधार पर व्यावसायिक हीरा खदान विकसित करने का अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने किया आंदोलन का ऐलान

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया है। 1 जुलाई तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 2 जुलाई से पूरे चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके तहत 2, 3 और 4 जुलाई को सभी जिला एवं जनपद मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। महासंघ का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान जारी "मोदी की गारंटी" में संविदा, दैनिक वेतनभोगी, प्लेसमेंट, मानदेय कर्मियों तथा ग्राम रोजगार सहायकों के नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा का वादा किया गया था। लेकिन सरकार गठन के बाद अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल न होने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। संगठन के अनुसार प्रस्तावित आंदोलन में जिला, जनपद और ग्राम स्तर पर कार्यरत मनरेगा कर्मचारी, संविदाकर्मी और ग्राम रोजगार सहायक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महासंघ ने प्रदेशभर के कर्मचारियों से आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है। महासंघ का आरोप है कि वर्षों से अस्थायी व्यवस्था के तहत कार्य कर रहे कर्मचारियों को आज भी स्थायी कर्मचारियों के समान सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को कई बार शासन-प्रशासन के समक्ष उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। मनरेगा एवं वीबीजी के संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमितीकरण होने तक मानव संसाधन नीति के तहत सभी संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने और ग्राम रोजगार सहायकों को श्रम के अनुरूप उचित मानदेय की मांगें शामिल है।

## संगठन की मजबूती और बूथ कमेटियों के गठन की तैयारी में जुटी बसपा

**अरंड (पिथौरा)** संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास की तपोभूमि गिरौधपुरी में रविवार 28 जून को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और बूथ कमेटियों के गठन पर विशेष तैयारी को लेकर था। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर काम करती है। उन्होंने कहा कि आज के राजनैतिक परिवेश में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है।

इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। इसके अलावा किसान, मजदूर, खाद, बीज, सड़क, बिजली, पानी स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ ही विभिन्न जनहित की मुद्दों पर विस्तृत विचार साझा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हेमंत पोयाम ने लोकतंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पार्टी विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने संगठित होकर निश्वार्थभाव से काम करने की अपील भी की। प्रदेश महासचिव डॉ. रोहित डहरिया ने कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों को गीत के माध्यम से पार्टी के संदेशों को साझा किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शामिल कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव संतोष देवांगन, जिला अध्यक्षों में प्रवीण मल्होत्रा, प्रहलाद साहू विधानसभा प्रभारी दयाराम खुराना, विस अध्यक्ष शिव प्रसाद भास्कर, शिव प्रसाद ठाकुर, देव नाथ कैवर्त, बहुजन चिंतक सीएस सांडे, एडवोकेट नकुल बांधे, उत्तर भोई, उर्मिला परघनिया, निर्मला जांगड़े, नीलेंद्री चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करेला एवं उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती से ओमनारायण ध्रुव प्राप्त कर रहे बेहतर आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत संचालित योजनाएं जिले के किसानों के लिए आय वृद्धि का बेहतर माध्यम बन रहा हैं। विकासखंड बागबाहरा के ग्राम जुनवानी खुर्द निवासी प्रगतिशील किसान ओमनारायण ध्रुव ने उद्यानिकी फसलों की वैज्ञानिक खेती अपनाकर अपने आय में अच्छी वृद्धि की है।

ओमनारायण ध्रुव बताते हैं कि उनके पास कुल 2.32 हेक्टेयर सिंचित कृषि भूमि है। जिसमें वर्षभर विभिन्न उद्यानिकी फसलों का उत्पादन किया जाता है, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त होती है तथा पारंपरिक खेती की तुलना में कहीं अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। वर्ष 2025-26 में उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना के तहत करेला की खेती की। विभाग द्वारा उन्हें 1.00 हेक्टेयर क्षेत्र में करेला उत्पादन हेतु 24 हजार रुपए का अनुदान तथा 0.50 हेक्टेयर क्षेत्र में सपोर्ट सिस्टम स्थापना के लिए 5 हजार रुपए का अनुदान प्रदान किया गया।



कृषक ओमनारायण ध्रुव ने अपनी खेती में ड्रिप सिंचाई एवं कृषि यंत्रों का उपयोग कर आधुनिक तकनीकों को अपनाया, जिससे जल की बचत के साथ फसल उत्पादन में भी वृद्धि हुई। करेला फसल से उन्हें लगभग 12 टन प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त हुआ। फसल का विक्रय औसतन 15 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से किया गया। उत्पादन पर प्रति एकड़ लगभग 39 हजार रुपये की इनपुट लागत, 34 हजार 900 रुपए श्रमिक लागत तथा 9 हजार 900 रुपए अन्य लागत व्यय हुई। सभी खर्चों को घटाने के बाद कृषक को लगभग 96 हजार 200 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

ओमनारायण ध्रुव ने अपनी सफलता का श्रेय राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना, उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को दिया है। उनकी सफलता को देखकर ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक किसान भी सब्जी एवं उद्यानिकी फसलों की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इससे क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है।



## सुखी होने के लिए माया के बंधन से निकलना होगा: बलवान

**महासमुंद।** स्थानीय रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में कबीर साहेब के प्राकट्य उत्सव पर सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें भक्त मंडली और साधु संत शामिल हुए। सुबह कबीर मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। जिसमें बलवान साहेब, मनजीत साहेब, जितेंद्र साहेब, भुवनेश्वर साहेब आदि उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ढेठा आश्रम धमतरी के बलवान साहेब ने कबीर वाणी का बखान करते हुए कहा कि कबीर साहब ने पाखंड का विरोध किया। उन्होंने पारख सिद्धांत के माध्यम से जनमानस को संदेश दिया कि पहले जानों फिर मानो, जब तक कोई व्यक्ति स्वयं परख नहीं ले लेता तब तक उसे स्वीकार करने में काफी परेशानी होती है। किंतु, वही व्यक्ति अपने अनुभवों के आधार पर सत्य को समझ लेता है, फिर उसे समझाने में कोई परेशानी नहीं होती। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव सत्य का अनुसरण करना चाहिए। झूठ, फरेब का विरोध करना चाहिए, जो व्यक्ति सांसारिक मोह में ज्यादा फंसा रहता है। उसे ही सर्वाधिक दुखी होना पड़ता है। यदि सुखी होना है तो माया के बंधन से निकलना होगा। भुनेश्वर साहब ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। जिससे लोग मंत्र मुग्ध होते रहे। कार्यक्रम में आजुराम, निरंजन साहू, मुकुंद साहू, तुलसीराम साहू, नाथूराम साहू, भूषण साहू आदि मौजूद रहे। सत्संग आरती उपरांत भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

# क्रिकेट मैदान में एक पेड़ गांव के नाम के तहत लगाए 18 पौधे

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह में पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर साहू अपने जन्मदिन पर रविवार को विधिवत पूजा अर्चना कर एक पेड़ गांव के नाम के अभियान के तहत क्रिकेट मैदान के चारों ओर 18 पौधे रोपित किया गया। उन्होंने बताया कि वृक्ष धारा का आभूषण है, वृक्ष हमारी धरती की शान है, वृक्ष हम सबके जीने का सहारा है। वृक्ष हमारे वातावरण को साफ रखते हैं। वृक्ष से हमें ताजा सांस लेने को मिलती है, धरती पर जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन और पानी प्रदान करने वाला मुख्य साधन वृक्ष ही है, पेड़ हमें गर्मी से बचाते हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाना है और उनका संरक्षण करना है। पर्यवारण को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों को अपने जन्मदिवस, सालगिरह, पूर्वजों की स्मृति पर पेड़ लगाने के लिए प्रेरित



किया गया। इस अवसर पर नंदकिशोर साहू, शंकर साहू, सोहन लाल निषाद, तुलसीराम पटेल, बाबूलाल ध्रुव, अजबसिंग निषाद, पवन दीवान, घनश्याम साहू, जनक साहू, सुमन साहू, ललिता साहू, कुसुम सहित पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### लूटपाट व हमला करने का प्रयास, तीन आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मौलीखार में एक व्यक्ति से लूटपाट और हमला करने का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मौलीखार निवासी वेदप्रसाद प्रधान द्वारा एक लिखित आवेदन पेश किया गया है। प्रार्थी ने अपने आवेदन में बताया है कि वह 28 जून को छुईपाली में स्थित अपने भाई के मेडिकल से रात को 08 बजे वापस लौट रहा था। रास्ते में मौलीखार से करीब 150 मीटर पहले मोड़ पर तीन व्यक्ति एक मोटर सायकल में बोईरमाल से उसका पीछा करते हुए आगे आकर गाड़ी रोककर एक लोहे का सरिया दिखाकर मारने की कोशिश एवं लूटपाट करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह किसी तरह से अपनी जान बचाकर आगे निकल गया तथा अपने घर वालों बुलाया। प्रार्थी ने बताया कि तीनों आरोपियों में एक जो गाड़ी चला रहा था खीरसागर भोई था, वहीं जिसने लोहे की छड़ से मारने की कोशिश की वह करूणा प्रधान ग्राम खरनियाबहाल का निवासी है, और तीसरा व्यक्ति रितुराज प्रधान ग्राम मौलीखार का ही है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 126, 62, 131, 309(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### खेत में मिली लाश की शिनाख्त

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के एक खेत में रविवार को एक व्यक्ति का शव मिला। उनकी पहचान ओडिशा के बरगढ़ जिले के निवासी मेघनाथ लुहूरा (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम रिखादादर में छातामहुआ चौक से जेराभरन मार्ग पर स्थित सुरेश कुमार भोई के खेत में एक अज्ञात शव की सूचना पुलिस को मिली थी। जांच के दौरान मृतक की पहचान उसके पुत्र सुशील लुहूरा ने ओडिशा के बरगढ़ जिले के थाना झारबंद अंतर्गत ग्राम नित्यानंदपुर निवासी मेघनाथ लुहूरा के रूप में की। मृतक के पुत्र सुशील लुहूरा ने बताया कि उनके पिता 25 जून की सुबह करीब 10 बजे बिना किसी को बताए घर से निकले थे। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।पुलिस ने घटनास्थल पर पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। प्रथम दृष्टया मामला अज्ञात कारणों से मौत का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# बरबसपुर एवं बड़गांव में जन चौपाल लगाकर विधायक ने सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम बरबसपुर और बड़गांव में जन चौपाल लगाकर आमजनों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषय विधायक के समक्ष रखे। विधायक ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा प्रतिदिन विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पहुंचकर आमजन से भेंट मुलाकात कर रहे हैं। इसी तारतम्य में वें सोमवार सुबह ग्राम बरबसपुर पहुंचे और ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों ने अपनी मांग एवं समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। विधायक ने ग्रामीणों से बारी बारी से चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने केंद्र एवं राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा भी की। अंत में उन्होंने नव विवाहित जोड़े को उपहार प्रदान किया।



साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया। इसके पश्चात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम बड़गांव पहुंचे और ग्रामीणों से विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की। समस्याओं के उचित निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से जुड़ी हर समस्या का हल करना उनकी जिम्मेदारी है इसलिए वें उनके बीच पहुंच रहे हैं, जिससे वें आमजन की समस्या को सुनकर उनका निराकरण कर सकें। इसके बाद उन्होंने नवविवाहित जोड़े को उपहार प्रदान कर उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, भाजपा नेतागण पप्पू पटेल, चैनू राम साहू, मानिक सोनवानी, पोषण निर्मलकर, तुलस साहू, बरबसपुर सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी, बड़गांव सरपंच नंदिनी जवाहर ध्रुव, बेल्टुकरी सरपंच लंकेश बघेल, रूपेश बघेल, डोमार पटेल, गोपी कन्नौजे, विजय साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मानसून की दगाबाजी, किसानों में बढ़ी चिंता



**अरंड (पिथौरा)।** मानसून की दगाबाजी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। खंड वर्षा होने के चलते कुछ जगहों धान बुआई किसान कर रहे हैं। ग्राम मोहंदा के देवराम पटेल ने नागर बैल से खेत की जुताई कर रहे है। ग्राम जंघोरा, खुटेरी, अरंड, नयापारा कला आदि गांवों में खेती कार्य ठप पड़े हैं। किसानों को बारिश का बेसब्री से इंतजार है।

## मिनीगोल्फ में अभूतपूर्व योगदान के लिए हेमंत का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

दावड़ा यूनिवर्सिटी में आयोजित 11वीं मिनीगोल्फ नेशनल चैंपियनशिप के पदक समारोह के अवसर पर पिथौरा के हेमंत खुटे को मिनीगोल्फ में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए अमित साहू (प्रदेश मंत्री भाजपा) ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एशियन मिनीगोल्फ फेडरेशन के सचिव व मिनीगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सूरज सिंह योतिकार, रेफरी बोर्ड मिनीगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन राम धर्माधिकारी व मिनीगोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एसके साहू मौजूद रहे। ज्ञात हो कि उक्त आयोजन में हेमंत खुटे आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी के रूप में अपना योगदान दे रहे है। इससे पूर्व प्रदेश टीम मैनेजर के रूप में भी झुंझुनू (राजस्थान) नागपुर (महाराष्ट्र) व गोवा के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे चुके है, जहां खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया था।



## रेलवे हॉस्पिटल में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दो बूंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेलवे हॉस्पिटल में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए पल्स पोलियो अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक अभिभावक का यह दायित्व है कि वह अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है, जब हमारे बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित हों। सभी को इस जनहितकारी अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान रेलवे हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई तथा अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाकर अभियान को सफल बनाया



### भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण



- सहकारी समितियों एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में किया ध्वजारोहण

**महासमुंद।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सहकारिता सप्ताह के प्रथम दिवस में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर जिला कार्यालय महासमुंद अंतर्गत 159 सहकारी समितियों समितियों के अध्यक्ष, समिति प्रभारियों अन्य कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजा रोहण कर सहकारी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। साथ ही जिले में 16 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिसर मे बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों की उपस्थिति मे ध्वजा रोहण किया गया।

# राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की लगातार उपेक्षा कर रही भाजपा : अंकित

## पूर्व मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन और नौकरी लगवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि भूपेश बघेल की सरकार के समय छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद की बैठक में 27 अगस्त 2019 को जनहित और समाज हित मे फैसला लिया था कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के निवासियों को लगभग 9623 पदों में सीधी भर्ती की जाएगी और इस संदर्भ में समस्त जिलाधीशों को निर्देशित किया गया कि ऐसे पात्र समाजजनों की सूची बनाकर शीघ्र उपलब्ध करवाए। जिसके पश्चात 9623 पात्र लोगों की सूची उपलब्ध करवाई। कांग्रेस की सरकार रहते रहते लगभग 2 हजार से ज्यादा नियुक्तियां की गई। परंतु, जैसे ही सरकार बदली वैसे ही नियुक्तियों पर लगभग रोक लग गयी।



अंकित ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कमार और भुंजिया सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजातियों (पीवीटीजी) को सामान्य बोलचाल और प्रशासनिक शब्दावली में 'राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र' कहा जाता है। भारत सरकार ने इन्हें विलुप्त होती प्रजातियों से बचाने के लिए 'विशेष पिछड़ी जनजाति' के रूप में चिन्हांकित किया है। साथ ही साथ इस विलुप्त होती प्रजातियों को आबादी और वन पट्टा देने में उपेक्षा की जा रही है। महासमुंद जिले में पुनः सर्वेक्षण किये जाने की मांग भी की है। अंकित ने बताया कि कमार समाज के जिलाध्यक्ष मोती कमार और भुंजिया समाज के जिलाध्यक्ष कौशल नेताम के नेतृत्व में 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल उनके साथ जाकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात अपनी बातों को विस्तार से बताया, जिस पर तत्काल पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों से चर्चा कर समुचित पहल करने का आश्वाशन दिया। साथ ही अंकित ने बताया कि महासमुंद जिला अंतर्गत लगभग 212 पद रिक्त हैं और इस समाज के शिक्षित लगभग 165 लोग तृतीय व चतुर्थ ग्रेड में भर्ती होने में शेष है।

साथ ही नियुक्ति को टालने के लिए पूर्व में जारी आदेश की अवहेलना करते हुए जानबूझ कर सचिव वित्त विभाग से नियुक्तियों को करने बावत अनुमति मांगा जाना सरासर अन्याय है, जिसका आगे खुलकर विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर उनके साथ जोहन नेताम, आरिफ खान, संतकुमार कमार, गोवर्धन कमार, तेजराम आदि उपस्थित रहे।

## गुड शेफर्ड स्कूल में हुआ नव सत्र के लिए स्टॉफ ओरिएंटेशन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में सोमवार को नव शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर स्टाफ ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नए सत्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरपर्सन जॉर्ज रावटे के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी एवं शिक्षक अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा, लगन और दक्षता के साथ संपन्न करें तथा दूसरों के सकारात्मक गुणों और श्रेष्ठ आदतों को अपनाकर स्वयं को निरंतर बेहतर बनाने का प्रयास करें। विद्यालय की डायरेक्टर अनीता रावटे ने आत्म-विकास एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों को अपने अनुभव एवं आत्म-सुधार से जुड़े उपयोगी सुझाव साझा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय से जुड़े नए शिक्षकों का परिचय कराया तथा सभी से अपनी प्रतिभा और क्षमता को पहचानकर विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य एमएस राव ने एक रोचक टीम एक्टिविटी के माध्यम से टीम वर्क, आपसी विश्वास एवं सहयोग की भावना का महत्व समझाया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्था की सफलता सामूहिक प्रयास, समन्वय और सकारात्मक कार्य संस्कृति पर निर्भर करती है। उपप्राचार्या मिताली गुरुंग ने विद्यालय के नियमों, कार्यप्रणाली एवं अपेक्षित कार्य-संस्कृति की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को अनुशासन, ईमानदारी एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार, अनुभव एवं सुझाव साझा किए। सभी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यालय की निरंतर प्रगति के लिए समर्पित भाव, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं टीम भावना के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य एमएस राव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए एकजुट होकर विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का आह्वान किया।

# भारती हत्याकांड में एक से अधिक आरोपी होने की जताई आशंका

## सतनामी समाज ने तीन प्रमुख घटनाओं को लेकर एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में हाल ही में हुई दो हत्याकांड की घटना की परिस्थितियों ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। एक तरफ जहां अंतर्जातीय विवाह के चलते पिता और उसके दो भाईयों ने मिलकर अपनी ही पुत्री का कत्ल कर दिया। वहीं, एक नाबालिग द्वारा एक अपनी बालिग प्रेमिका की हत्या कर रेत में शव दफन कर देने का मामला सामने आया। दूसरे मामले में मृतिका के परिजनों को यह यकीन नही हो पा रहा कि एक नाबालिग अकेले हत्या कैसे कर सकता है। जबकि, ऑनर किलिंग के मामले में पुलिस 3 लोगों के द्वारा किया गया अपराध बता रही है। उक्त हत्याकांड सहित जिले में तीन प्रमुख घटनाओं पर पुलिस कार्यवाही को लेकर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। जिसमें खल्लारी थाना अंतर्गत झारा निवासी भारती टंडन की हत्या में केवल एक नाबालिग लड़के को आरोपी बनाने पर परिजनों ने संदेह जताया। इस हत्याकांड में एक से अधिक लोगों की शामिल होने की शंका जताई।



चूंकि, रात के अंधेरे में एक अकेला नाबालिग लड़के द्वारा क्रूरतापूर्वक हत्या कर शव को दूर ले जाकर रेत में दफनाने व साक्ष्य मिटाने जैसे कृत्य कर पाना संभव नहीं हैं। जबकि, मृतिका के परिजनों को नाबालिग के पिता ने घटना दिनांक की रात लड़के को पेचिस होने व पूरी रात उनके साथ रहने की बात कहीं। पुलिस की थ्योरी से पीड़ित परिजन व समाज ने असंतुष्टि जताते हुए एसपी से पुनः सूक्ष्म जांच कराने की मांग की।

### जमानत रद्द करने की मांग

दूसरी घटना महासमुंद के सपना बार में सतनामी समाज के युवक विवेक कुर्रे के साथ मारपीट जातिगत गाली-गलौज के साथ ही सतनामी समाज के आराध्य गुरु घासीदास बाबा के ऊपर अभद्र टिप्पणी की गई तथा वीडियो पूरे प्रदेशभर में वायरल हो रही है, जिससे समाज में काफी आक्रोश है। पुलिस ने गंभीर धाराओं में अपराध भी दर्ज किया, लेकिन आरोपी की जमानत का विरोध पुलिस ने नहीं किया। जिसके कारण त्वरित जमानत मिल गई है। समानज द्वारा हर्ष चंद्राकर की जमानत रद्द कराने की मांग की गई।

### *गवाही के बाद भी एफआईआर नहीं*

*ग्राम बिरकोनी निवासी रामूदास मांडे पिता स्व. बाबूलाल मांडे द्वारा सिटी कोतवाली थाना में बिरकोनी के सरपंच द्वारा कथित जातिगत गाली-गलौज कर सार्वजनिक रूप से अपमानित करने संबंधी आवेदन 15 मई को दिया गया। बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नही करने पर आपत्ति जताई। एसपी प्रभात कुमार से मुलाकात करने वालों में मृतिका भारती टंडन के माता-पिता और सपना बार के कर्मचारी विवेक कुर्रे, रामुदास मांडेय बिरकोनी व समाज के जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, सचिव रेखराम बघेल, हरक मन्नाडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक, ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं झारा सरपंच चंद्रकला जांगड़े, खल्लारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष संतोष कुमार जांगड़े, राजकुमार कुर्रे, देवेंद्र बंजारे, थामस भारती, दिनेश जांगड़े, अमृत डहरिया आदि शामिल रहे।*



